नवभारत
भोपाल, शनिवार 18 जुलाई 2026

नपा की सभा में हुई बहस

- नेता प्रतिपक्ष को बाहर निकालने की दी चेतावनी
- बैठक में 12 एजेंडों पर चर्चा के दौरान जमकर हंगामा

नवभारत न्यूज

हरदा, 17 जुलाई.नगर पालिका परिषद हरदा की साधारण सभा की बैठक में शुक्रवार को 12 एजेंडों पर चर्चा के दौरान जमकर हंगामा हुआ. बैठक के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया और नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी के बीच तीखी नोकझोंक हो गई, जिससे कुछ समय के लिए सदन की कार्यवाही प्रभावित रही.

बैठक में नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी ने एजेंडों पर अपनी आपत्तियां और सवाल तेज आवाज में रखे। इस पर अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया ने उन्हें संयमित रहने की नसीहत देते हुए आवश्यकता पढ़ने पर परिषद से बाहर निकलवाने की चेतावनी दी। इसके बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षदों के बीच भी तीखी बहस शुरू हो गई.विवाद बढ़ने पर अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया ने नाराजगी जताते हुए स्वयं परिषद की बैठक छोड़कर बाहर जाने की बात कही। इस दौरान सदन में कुछ देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। बाद में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के समझाने के बाद कार्यवाही आगे बढ़ी।

बैठक में जिन प्रमुख विषयों पर चर्चा हुई, उनमें वार्ड क्रमांक 31 में 5 लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी निर्माण, स्वच्छता सुधार के लिए वर्ष 2026 में सफाई बाजार की स्थापना, नगर पालिका की दुकानों की लीज नवीनीकरण और किराया वृद्धि, शहर के विभिन्न पार्कों का सौंदर्यीकरण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 का क्रियान्वयन, कई वार्डों में पेयजल पाइपलाइन विस्तार, सड़कों के डामरीकरण के लिए ई-निविदा जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव शामिल थे।इन महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों पर चर्चा के बीच हुए हंगामे ने बैठक का केंद्र बिंदु बना दिया। हालांकि बाद में परिषद ने एजेंडों पर चर्चा जारी रखी..

मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के महाप्रबंधक ने किया बनखेड़ी शाखा का दौरा

बनखेड़ी, 17जुलाई. मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के महाप्रबंधक श्री केके दास व क्षेत्रीय कार्यालय नर्मदापुरम प्रबंधक सुरेंद्र सिंह मीणा ने बनखेड़ी शाखा का दौरा कर कृषकों से मुलाकात की व उन्हें कृषि ऋण पत्र प्रदान किये। बैंक द्वारा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी। योजनाओं से लाभान्वित किसानों द्वारा महाप्रबंधक महोदय व क्षेत्रीय प्रबंधक महोदय का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर किसानों ने खुलकर अपनी बातें रखी। ज्ञात होवे की वर्तमान में मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा 1 जुलाई से 31 जुलाई तक किसान माह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कृषकों को विभिन्न योजनाएं तथा किसान क्रेडिट कार्ड एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड आदि योजना अंतर्गत ऋण प्रदान करकिसानों को लाभान्वित किया जाएगा। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक रोशन कुमार बैंक अधिकारी,सौरव पटेल संतोष पटेल राजेंद्र शर्मा, अरशद खान सहित क्षेत्रीय कृषक उपस्थित थे.

मोबाइल चोरी मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

- 50 हजार रुपये के सात मोबाइल बरामद
- झाड़ियों में छिपाकर रखे थे चोरी के फोन

नवभारत न्यज

नर्मदापुरम, 17 जुलाई. जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत माखननगर पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सात मोबाइल चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर करीब 50 हजार रुपये कीमत के सात मोबाइल फोन बरामद किए हैं.

पुलिस के अनुसार 16 जुलाई को ग्राम बीकोर और भटवाड़ा के बीच स्थित एक मकान में रह रहे मजदूरों के सात मोबाइल चोरी होने की शिकायत थाना माखननगर में दर्ज कराई गई थी. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक साईकृष्णा एस. थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन तथा एसडीओपी सोहागपुर संजू चौहान के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई.साथ ही आसपास के थानों को सूचना देकर नाकाबंदी कराई गई..नाकाबंदी के दौरान थाना देहात नर्मदापुरम पुलिस ने संदेह के आधार पर विशाल पारधी (22), गुड्डूलाल पारधी (22), समीर पारधी (19) और क्रिस पारधी (19) सभी निवासी ग्राम बाबरी, थाना शिवपुर, जिला नर्मदापुरम, को हिरासत में लिया. पूछताछ में चारों ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली. आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने बीकोर नहर के पास झाड़ियों में छिपाकर रखे गए सात मोबाइल फोन बरामद कर लिए। बरामद मोबाइलों की कुल कीमत करीब 50 हजार रुपये.बताई गई है. पुलिस ने सभी मोबाइल जब्त कर आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है.इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह, उपनिरीक्षक आकाशदीप पचाया, उपनिरीक्षक अशोक वरबड़े सहित थाना माखननगर और थाना देहात नर्मदापुरम के पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही. पुलिस अधिकारियों ने इसे त्वरित कार्रवाई और प्रभावी नाकाबंदी का परिणाम बताया.

महाविद्यालय में छात्राओं को किया जागरूक, दिलाई नशामुक्ति की शपथ

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 17 जुलाई.गृहविज्ञान महाविद्यालय में नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत नशामुक्ति व्याख्यान एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया.

जिला पुलिस प्रशासन, एनसीसी, एनएसएस और क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को नशे के दुष्परिणामों और कानून संबंधी जानकारी देकर नशामुक्त जीवन का संकल्प दिलाया गया. कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. संगीता अहिरवार के मार्गदर्शन में क्रीड़ा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना , राष्ट्रीय कैडेट कोर तथा जिला पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ. संयोजक डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया.वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. भारती दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं और यदि वे नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहें तो समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं.

सिटी कोतवाली की महिला प्रधान आरक्षक मनीषा धुर्वे ने छात्राओं को नशे से जुड़े अपराधों, साइबर अपराधों और उनके दुष्परिणामों की जानकारी दी. वहीं प्रधान आरक्षक संजय यादव ने नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले कानूनी परिणामों से अवगत कराते हुए युवाओं से कानून का सम्मान करने और नशामुक्त जीवन अपनाने की अपील की. कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं एवं उपस्थितजनों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई. डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. आर. के. चौकीकर ने व्यक्त किया.

आदमगढ़ हिल्स में स्प्रिंगडेल्स स्कूल का शैक्षणिक भ्रमण

- ट्रेकिंग, स्वच्छता और वृक्षारोपण से विद्यार्थियों ने सीखे जीवन के मूल्य

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 17 जुलाई.स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के स्काउट एवं गाइड विभाग द्वारा शुक्रवार को आदमगढ़ हिल्स (बड़ी पहाड़िया), रसूलिया में एक दिवसीय शैक्षणिक एवं साहसिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया.

इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, साहस, टीम भावना, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक सेवा के संस्कार विकसित करना था. सुबह 8 बजे विद्यालय परिसर से प्रारंभ हुए इस भ्रमण में 118 छात्र-छात्राओं और 8 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. कार्यक्रम का संचालन स्काउट एवं गाइड प्रभारी व्योमकेश मौर्य के नेतृत्व में किया गया.कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टेट ऑर्गेनाइजेशन कमिश्नर बीएल चौरे ने विद्यार्थियों को स्काउट एवं गाइड के आदर्शों, कर्तव्यों और जीवन मूल्यों की जानकारी देते हुए राष्ट्र एवं समाज सेवा के लिए प्रेरित किया.आदमगढ़ हिल्स पहुंचने के बाद स्काउट एवं गाइड प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ. विद्यार्थियों ने ट्रेकिंग, सामूहिक देशभक्ति गीत, स्वच्छता अभियान और पौधरोपण जैसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया. उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण का संकल्प भी लिया. भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को आदमगढ़ की विशेषताओं से अवगत कराया गया.

नवनियुक्त कांग्रेस पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

- निकाय चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 17 जुलाई. नगर कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह पूर्व जिला पंचायत सदस्य चन्द्रगोपाल मलैया के निवास पर आयोजित किया गया. कार्यक्रम में नवदायित्व प्राप्त पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें बधाई दी गई.

इस अवसर पर कांग्रेस नेता अमित खत्री ने कहा कि आगामी नगरपालिका चुनाव कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण हैं और सभी कार्यकर्ताओं को अभी से पूरी ताकत के साथ चुनावी तैयारियों में जुट जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही चुनावी सफलता की कुंजी है. अशोक अहिरवार ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया. कांग्रेस नेता श्याम दुबे ने कहा कि वार्ड एवं बूथ कमेटियों के गठन में ईमानदार, कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी .

ताश के पत्तों पर चल रहा था जुए का फड़

नर्मदापुरम, 17 जुलाई. देहात पुलिस ने अवैध रूप से ताश के 52 पत्तों से जुआ खेल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया है. मौके से 33 हजार 700 रुपये नकद, ताश की गड्डी और जुआ खेलने का अन्य सामान मिला. जिला मुख्यालय पर अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने जुए के फड़ पर कार्रवाई करते हुए पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग अवैध रूप से ताश के पत्तों पर दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं. सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां पांच लोग ताश के 52 पत्तों से हार-जीत का दांव लगाते हुए जुआ खेलते मिले.

कमर्शियल बिल्डिंग के बाथरूम में युवक का संदिग्ध शव मिला

- मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम और एफएसएल रिपोर्ट के बाद होगा

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 17 जुलाई. कलेक्ट्रेट के पास स्थित कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष फैजान उल हक की कमर्शियल बिल्डिंग के बाथरूम में गुरुवार रात एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से हड़कंप मच गया.

मौके से 100 सरकारी सिरिंज का पैक बॉक्स, एक इस्तेमाल की हुई सिरिंज और दवा की बोतल बरामद हुई है. पुलिस इंजेक्शन के नशे सहित सभी पहलुओं पर जांच कर रही है. मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम और एफएसएल रिपोर्ट के बाद होगा. कमर्शियल बिल्डिंग के प्रथम तल के बाथरूम में 38 वर्षीय युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. जानकारी के अनुसार रात करीब 9 बजे बिल्डिंग के चौकीदार ने बाथरूम का दरवाजा काफी देर तक अंदर से बंद देखा.काफी आवाज लगाने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर उसने बिल्डिंग मालिक एवं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष फैजान उल हक को सूचना दी. इसके बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची.

पुलिस की मौजूदगी में बाथरूम का दरवाजा खोला गया तो अंदर एक युवक मृत अवस्था में पड़ा मिला. पंचनामा कार्रवाई के बाद रात करीब 11:30 बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया. पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया. शुक्रवार को एफएसएल टीम ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए. मृतक की पहचान आदमगढ़ निवासी ओमप्रकाश ताईया 38 वर्ष के रूप में हुई है. घटनास्थल से 100 सरकारी सिरिंज का पैक बॉक्स, एक इस्तेमाल की हुई सिरिंज और दवा की बोतल बरामद हुई है. इन सामग्रियों के मिलने से मामला और भी रहस्यमय हो गया है. पुलिस के अनुसार युवक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है. प्रथम दृष्टया इंजेक्शन के नशे से मौत की आशंका है, लेकिन इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम और एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी. पुलिस यह भी जांच कर रही है कि सरकारी सिरिंज का बॉक्स घटनास्थल तक कैसे पहुंचा और उसका मृतक से क्या संबंध है. मामले की हर पहलू से जांच जारी है.

बारिश की चंद बूंदें गिरते ही बिजली गुल

नर्मदापुरम, 17 जुलाई.करीब 10 दिनों बाद शहर में हुई हल्की बारिश ने बिजली व्यवस्था की पोल खोल दी। बिजली कंपनी द्वारा नियमित मेंटेनेंस और शटडाउन के दावों के बावजूद बारिश की कुछ बूंदें पड़ते ही शहर के कई इलाकों में बार-बार बिजली गुल होती रही.

इससे उपभोक्ताओं को उमस और गर्मी के बीच भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।बिजली कंपनी पिछले कई महीनों से विभिन्न फीडरों पर महीने में एक-दो बार शटडाउन लेकर लाइनों, ट्रांसफार्मरों और अन्य उपकरणों का रखरखाव करने का दावा कर रही है। इसके बावजूद गुरुवार को हल्की बारिश के दौरान शहर के कई क्षेत्रों में बिजली लगातार ट्रिप होती रही। कोठीबाजार क्षेत्र, जहां जिला प्रशासन के कई कार्यालय स्थित हैं, वहां भी एक घंटे में करीब 10 बार बिजली बंद और चालू होती रही। इसके अलावा शहर के अन्य इलाकों से भी बिजली कटौती, बार-बार ट्रिपिंग, फॉल्ट और लो-वोल्टेज की शिकायतें सामने आईं।उधर, बढ़ती गर्मी और उमस के कारण बिजली की मांग बढ़ने से ट्रांसफार्मरों और फीडरों पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब नियमित रूप से मेंटेनेंस किया जा रहा है तो हल्की बारिश में भी बिजली व्यवस्था का बार-बार ठप होना गंभीर चिंता का विषय है.

पुलिस ने चलाया नशे से दूरी है जरूरी अभियान, किया जागरूक

बनखेड़ी, 17 जुलाई. थाना बनखेड़ी पुलिस द्वारा आज 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत बनखेड़ी स्थित सीएम राइज संदीपनी स्कूल पहुंचकर विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान छात्रों को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और अपने भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए प्रेरित किया गया.पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को समझाइश दी कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है. छात्रों को बताया गया कि किसी भी प्रकार के नशे से दूरी बनाए रखना ही एक उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है. प्रभारी विजय सनस, प्राचार्य जगदीश मेहरा ,एएसआई अरविंद राजपूत रहे.

आयोजन उमंग सिंघार और हरीश चौधरी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

नर्मदापुरम में कांग्रेस नेताओं का जोरदार स्वागत

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 17 जुलाई.मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार एवं प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी का नर्मदापुरम के फोरलेन स्थित नर्मदा पुल पर कांग्रेसजनों ने भव्य स्वागत किया.

दोनों नेता इटारसी में आयोजित कांग्रेस पदाधिकारियों के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे. इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय बाबू चौधरी, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष पंकज राठौर, विधानसभा प्रभारी यशवंत सिंह ठाकुर, पूर्व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, सेवादल नगर अध्यक्ष सलीम खान, नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अहिरवार, आदिवासी विकास परिषद जिलाध्यक्ष अरुण प्रधान, पूर्व पार्षद राजेंद्र दोहरे, पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव अजय शर्मा, युवक कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष विशाल प्रधान, युवा नेता आशिफ राइन, सेवादल प्रदेश सचिव दीपक सिसोदिया, ब्रजेश पटेल (बंटी) सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

डेरा सच्चा सौदा भूमि धोखाधड़ी मामला

नर्मदापुरम, 17 जुलाई. कोतवाली पुलिस ने डेरा सच्चा सौदा की खोजनपुर स्थित 8.40 एकड़ भूमि की कथित धोखाधड़ी के मामले में एक वर्ष से फरार चल रहे आरोपी दिव्यांश गोयल को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी के खिलाफ वर्ष 2022 से धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज है.

पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन तथा एसडीओपी जितेन्द्र पाठक के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी में सफलता हासिल की.